# तकनीक का उपयोग जन कल्याण के हित में हो: आनंदीबेन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

प्रदेश **की राज्यपाल एवं राज्य** विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में रविवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर का 28 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को 86,103 उपाधियां, सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 96 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक तथा 508 शोधार्थियों को पी.एच.डी. की उपाधि प्रदान कीं। इसके साथ ही कुलाधिपति द्वारा आईपैड का बटन दबाकर 85,595 डिग्रियों को डिजीलॉकर में अपलोड किया गया।



दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों में प्रतिभा की कमी नहीं है, बस इन्हें प्रेरणा देकर सकारात्मक दिशा में इनकी ऊर्जा का उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सभी संसाधन होने के बाद भी नैक मूल्यांकन से विश्वविद्यालय घबराते थे। लेकिन राजभवन ने इसे जरूरी किया और सहयोग और ट्रेनिंग देकर उनके संसाधनों को सिस्टमैटिक रूप से बनाकर 'ए प्लस प्लस' की श्रेणी में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मानव में संकल्प शक्ति का होना बहुत जरूरी है। राज्यपाल ने नैक मूल्यांकन के फायदे बताते हुए कहा कि 'ए प्लस प्लस' पाने वाले विश्वविद्यालयों को बजट से 100 करोड़ रूपये एवं बाकी विश्वविद्यालय को 20 करोड़ की धनराशि प्रदान की गई है। विश्वविद्यालयों को इस धनराशि का उपयोग विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नैक प्रेक्टिस से विश्वविद्यालय के ढांचे में बेहतर परिवर्तन आया है। अब राजभवन का जोर एन.आई.आर.एफ. पर है। इस मूल्यांकन और रेटिंग से विश्वविद्यालय में विदेशी छात्र और मेधावी छात्र आएंगे और यहां के विद्यार्थियों का विदेश जाने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य आपके सामर्थ्य से बढ़ेगा, हर चुनौती एक नया अवसर लेकर आती है। उन्होंने अपना गुजरात का अनुभव साझा करते हुए कहा कि गुजराज की स्थिति बदल गई है, वहां विदेशी कंपनियां निवेश कर रही है। आज का युग तकनीक का युग है। इसका उपयोग जन कल्याण के हित में होना चाहिए। विनाश के लिए नहीं दुनिया में जो कुछ अच्छी और नई चीज हो रही है, उससे हमें जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने 'वन नेशन वन इलेक्शन' का जिक्र करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक बचत होगी। उन्होंने केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अब हमारी तैयारी अंतरिक्ष पर है। उन्होंने अंतरिक्ष के पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय में शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनवाड़ियों को संसाधनयुक्त करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे वहां पढ़ने वाले गरीब छात्रों की संख्या बढ़ेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय आंगनबाड़ी से लेकर विश्वविद्यालय तक एक सेतु बनाकर काम करें, ताकि शिक्षा का विकास सकारात्मक दिशा में हो सके। विश्वविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'गतिमान' एवं तीन अन्य पुस्तकों का भी विमोचन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी एवं विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो वंदना सिंह ने भी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद-विद्यापरिषद, विद्यालय के प्राचार्य सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी व कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# सचिवालय सेवा संगठन समन्वय समिति ने की मैनुअल के अनुसार उपस्थिति व्यवस्था लागू करने की मांग

● **बायोमैट्रिक सिस्टम के विरोध में एक साथ आए सचिवालय कर्मचारी संगठन**

**लखनऊ।** बायोमैट्रिक सिस्टम पर उपस्थिति को लेकर उत्तर प्रदेश सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा वेतन कटौती के निर्णय पर सचिवालय सेवा संगठन समन्वय समित ने जबरदस्त रोष प्रकट किया है। सचिवालय सेवा संगठन समन्वय समित के अध्यक्ष अर्जुन देव भारती ने बताया कि समन्वय समिति की बैठक में निर्णय लिया गया है कि सोमवार 30 सितम्बर से वर्तमान बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली का पुरजोर विरोध करते हुए सचिवालय में तैनात समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु सचिवालय मैनुअल के अनुसार उपस्थिति की व्यवस्था लागू करने की मांग की जाएगी। इस सम्बन्ध में बीते शुक्रवार को सचिवालय संघ के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश सचिवालय के संगठनों की एक आपात बैठक आहूत की गयी थी। सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा बायोमैट्रिक सिस्टम पर उपस्थिति में विलम्ब की स्थिति प्रदर्शित होने पर वेतन कटौती हेतु जारी किये गये आदेश के विरोध में सचिवालय के समस्त सेवा संगठनों द्वारा घोर आपत्ति व्यक्त की गयी। इस बिन्दु पर भी आपत्ति की गयी कि बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली सचिवालय में तैनात समस्त संवर्गों पर समान रूप से लागू नही की गयी है एवं कुछ विशिष्ट सेवा संवर्गों को उक्त प्रणाली से छूट प्रदान करते हुए केवल सचिवालय सेवा के अधिकारियों / कर्मचारियों के वेतन कटौती के आदेश जारी किये गये हैं। उक्त भेदभाव पूर्ण आदेश के विरोध में सचिवालय जागरूकता अभियान के साथ-साथ आन्दोलन प्रारम्भ करने हेतु सचिवालय के समस्त सेवा संगठनों की एक समन्वय समिति का गठन किया गया। इस समन्वय समिति संगठन में उत्तर प्रदेश सचिवालय संघ, सचिवालय राजपत्रित अधिकारी संघ, सचिवालय सेवा सीधी भर्ती संघ, सचिवालय निजी सचिव संघ, सचिवालय अपर निजी सचिव संघ, सचिवालय कम्प्यूटर सहायक एवं सहायक समीक्षा अधिकारी संघ, सचिवालय अधिकारी संघ, सचिवालय लेखा संघ, सचिवालय व्यवस्थाधिकारी एवं व्यवस्थापक संघ, सचिवालय सुरक्षा दल संघ एवं उत्तर प्रदेश सचिवालय चतुर्थ श्रेणी संघ शामिल है। इन सभी संगठनों ने एक स्वर में वर्तमान बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली का पुरजोर विरोध करते हुए सचिवालय में तैनात समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों हेतु सचिवालय मैनुअल के अनुसार उपस्थिति की व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

## आज लखनऊ पहुंचेगी गौ ध्वज यात्रा

**लखनऊ।** अयोध्या से शुरू हुई गौ ध्वज भारत यात्रा सोमवार को लखनऊ पहुंचेगी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती द्वारा इस गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा की शुरुआत की है। यह यात्रा पूरे एक माह तक देश के सभी अंचलों से होते हुए लोगों को जोड़ेगी। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा देश भर में निकाली जाएगी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद की अगुवाई में यह यात्रा सोमवार को लखनऊ पहुंचेगी। यात्रा की शुरुआत रविवार को अयोध्या से शुरू कर दी गई है। यह यात्रा पूरे एक माह तक देश के सभी अंचलों से होते हुए लोगों को जोड़ेगी। देशव्यापी गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा के बारे में स्वामी ने कहा कि देश में हम गायों के निरादर को लेकर चिंतित है। भारतीय संस्कृति में गाय को मां स्थान दिया गया हैए लेकिन लोग थोड़े से स्वार्थ के लिए दूसरों की भावनाओं को आहत करते हैं। हम चाहेंगे कि लोग इस गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा जुड़े और पूजनीय गौ माता को उनका गौरव व सम्मान दिलाएं। भारतीय संस्कृति में गाय आदि काल से ही पूजनीय रही हैं।

# भारत स्काउट और गाइड प्रादेशिक परिषद की बैठक सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारत स्काउट** और गाइड उप्र के वार्षिक प्रादेशिक परिषद की बैठक का आयोजन रविवार को प्रादेशिक मुख्यालय के द्वारा उप्र कौशल विकास मिशन, आईटीआई कैम्पस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह पूर्वमन्त्री जलशक्ति उप्र सरकार ने की। पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम की श्रृंखला में सबसे पहले सर्वोत्तम कैडेट रैली के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया साथ ही साथ बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता एवं सर्वोत्तम जनपद रैली के विजेताओं को भी प्रादेशिक मुख्यायुक्त डा प्रभात कुमार (पूर्व आईएएस) के द्वारा पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में गत वर्ष में हिमालय वुड बैज, प्री एएलटी एवं एएलटी कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले ट्रेनर को अधिकार पत्र एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये। परिषद का उद्घाटन संस्था के मुख्यायुक्त डा प्रभात कुमार अध्यक्ष डॉ महेन्द्र सिंह प्रादेशिक आयुक्त (स्काउट)



डॉ राजेश मिश्रा प्रादेशिक आयुक्त (गाइड) ललिता प्रदीप, प्रादेशिक उपाध्यक्ष महेश चन्द्र सक्सेना एवं प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत के साथ किया।

मुख्यायुक्त डॉ प्रभात कुमार प्रादेशिक परिषद में पूरे प्रदेश से आये हुये लगभग 220 प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि स्काउट/गाइड संस्था प्रदेश की दिशा और दशा दोनो ही बदलने की क्षमता रखने वाली संस्था है, दशा तो हम बदल ही रहे है दिशा बदलने का भी काम हम सबको मिलकर करना होगा। नवीन भवन का उद्घाटन आज संस्था के अध्यक्ष एवं मुख्यायुक्त के द्वारा आज किया गया। नवीन भवन समस्त आधुनिक सुविधाओं एवं साज सज्जा से युक्त है। जिसमें पीए सिस्टम, पूर्ण रूप से वातानुकूलित कमरे, मीटिंग हॉल, आधुनिक जनरेटर, की सुविधा से युक्त बनाया गया है। उपस्थित जन समूह के द्वारा डॉ प्रभात कुमार जी के नेतृत्व के इस काल को भारत स्काउट और गाइड उप्र का स्वर्णिम काल कहा गया।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा-2024' के अंतर्गत रविवार को सातवें दिन राजभवन में जारी विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में नुक्कड़ नाटक तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। राजभवन के छोटे लॉन में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के छात्र-छात्राओं द्वारा 'पर्यावरण की रक्षा' एवं 'कुदरत की दास्तां' नामक नुक्कड़ नाटक की प्रभावी प्रस्तुति की गई। नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर प्रकाश डाला गया। जिसमें प्लास्टिक का बढ़ता इस्तेमाल, कूड़ेदान की अनदेखी, ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण, फोन रेडिएशन, कीट नाशक पदार्थों के प्रयोग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान के प्रति सचेत किया गया एवं इस संदर्भ में निदान बताते हुए लोगों को जागरूक किया गया।

द्वितीय नाटक का विषय''कुदरत की दास्तां' के माध्यम से लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के छात्र-छात्राओं ने 'पेड़



लगाओ-धरती बचाओ' का संदेश देते हुए प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, वनों की कटाई पर रोक, शिकार पर प्रतिबन्ध एवं गोमती नदी को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नदी किनारे वृक्षारोपण, सोलर लाइट का प्रयोग, नदियों को स्वच्छ रखने, अनावश्यक ऊर्जा की खपत नहीं करने, जल संरक्षण आदि हेतु लोगों से अपील की। आज आयोजित दूसरे कार्यक्रम के तहत गांधी सभागार राजभवन में लखनऊ स्थित सभी विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता 'स्वच्छता अभियान', 'पर्यावरण रक्षण ही जीवन', 'स्वच्छ मन तथा स्वच्छ जीवन सफलता की पूंजी', 'गंदगी को दूर भगाओ-स्वच्छ भारत बनाओ' एवं 'स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है' जैसे विषयों पर आधारित थी। प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी शिक्षा,राज्यपाल डॉ पंकज एल जानी, लखनऊ अवस्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के अध्यापकगण, छात्र-छात्राएं एवं राजभवन के अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

# गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों के लिए काल बनी योगी सरकार

● **सबसे अधिक लखनऊ नोएडा और गाजियाबाद में दबोचे गये साइबर ठग**

● **पिछले साढ़े सात वर्षों में 379 बड़े साइबर अपराधियों को भेजा गया जेल**

**लखनऊ।** योगी सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेशवासियों की गाढ़ी कमाई पर डाका डालने वाले साइबर अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कई बड़े कदम उठाये। इनमें 18 रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क आदि शामिल है। वहीं सीएम योगी के निर्देश पर साइबर अपराधियों को नेस्तनाबूद करने के लिए एसटीएफ द्वारा पिछले साढ़े सात वर्षों में बड़ी कारवाई की गई है। एसटीएफ की कार्रवाई में साइबर अपराध में लिप्त 379 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया गया है। इनमें एसजीपीजीआई की एसोसिएट प्रोफेसर को डिजिटल अरेस्ट करके करीब 2 करोड़ की ठगी करने वाले गैंग के 16 साइबर अपराधी भी शामिल हैं, जिन्हे एसटीएफ ने लखनऊ और गौतमबुद्धनगर से अरेस्ट किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशभर में बढ़ते साइबर अपराध को देखते हुए प्रदेश में साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए रीजनल साइबर क्राइम थानों, डिजिटल फॉरेंसिक लैब समेत कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये। इसके साथ ही प्रदेश में साइबर अपराध को रोकने, बड़े साइबर अपराधियों और गिरोह की कमर तोड़ने के लिए यूपीएसटीएफ को लगाया। इसी का परिणाम है कि पिछले साढ़े सात वर्षों में प्रदेश में साइबर अपराध के मामलों में काफी गिरावट दर्ज की गयी है। सीएम योगी के निर्देश पर यूपीएसटीएफ ने साइबर अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया, जो आज भी जारी है। इस दौरान एसटीएफ ने क्लोन चेक बनाकर बैंक से ठगी, फर्जी टेलीकॉलिंग सेंटर से ऑनलाइन ठगी, बीमा कंपनियों के नाम पर ठगी समेत फर्जी बीमा कंपनी खोलकर ठगी करने वाले दर्जनों गिरोह का पर्दाफाश किया। एसटीएफ ने इस कार्रवाई में पिछले साढ़े सात वर्षों में 379 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे धकेला है। इस दौरान एजेंसी ने बड़ी मात्रा में कंप्यूटर, लैपटॉप, वॉकी टॉकी, मोबाइल, सिम कार्ड, नकदी समेत अन्य सामान बरामद किया है। एसटीएफ ने प्रदेश में सबसे बड़े ऑनलाइन ठगी के गिरोह का भंडाफोड़ कर 105 साइबर अपराधियों को अरेस्ट किया। इस गिरोह के पास से करीब 2 लाख प्वाइंट डाटा (रिलायंस फ्यूचर, एक्साईड, बिरला सन लाइफ, मैक्स लाइफ, पीएनबी मेट लाइफ, एचडीएफसी एग्रो, पेटीएम ऑनलाइन शॉपिंग, शायक्लूज, फ्लिपकार्ट, इंडिया शॉपिंग मॉल) प्राप्त हुआ, जिसके जरिये गिरोह ठगी को अंजाम दे रहा था।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी दीपक सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में साइबर अपराधियों की दबोचने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पिछले साढ़े सात वर्षों में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद में अभियान चलाकर साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। इनमें सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर में 225 बड़े साइबर अपराधियों, लखनऊ से 116 अपराधियों, गाजियाबाद से 9 अपराधियों, प्रयागराज, आगरा और दिल्ली के पांच-पांच साइबर ठगों को दबोचा गया है। इसी तरह प्रतापगढ़, जौनपुर, कानपुर नगर से एक-एक, फतेहपुर, गोरखपुर से चार-चार, राजस्थान के तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा वाराणसी के ऑनलाइन ठगी के मामले में बिहार से एक साइबर ठग को ट्रांजिस्ट रिमांड पर लेकर कई ठगी के मामलों का खुलासा किया गया।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत परीक्षा आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उल्लास** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। साक्षरता परीक्षा में प्रदेश के समस्त जनपदों में लगभग 1,46,900 असाक्षरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त परीक्षा में सबसे उम्रदराज महिला जुबेदा जिनकी आयु 101 वर्ष है जनपद मेरठ में प्रतिभाग किया गया। प्रदेश में संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षरता परीक्षा का निरीक्षण /निगरानी के लिए भारत सरकार की टीम द्वारा जनपद गोरखपुर मिर्जापुर एवं सीतापुर में उपस्थित रहकर उनके द्वारा परीक्षा केंद्रो का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही प्रदेश स्तर पर साक्षरता एवं वैकल्पिक शिक्षा निदेशालय/राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश




लखनऊ, मुख्यालय से भगवती सिंह, निदेशक साक्षरता द्वारा जनपद प्रयागराज एवं शंभु भान सिंह, उपनिदेशक, गया प्रसाद, प्रशासनिक अधिकारी, एवं सुल्तान सिंह वरिष्ठ सहायक द्वारा जनपद लखनऊ में श्री धर्मेंद्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी लखनऊ के साथ साक्षरता परीक्षा केन्दो का निरीक्षण किया गया। इस प्रकार उत्तर प्रदेश के 75 जनपद में साक्षरता परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न कराई गई।

# आय में गिरावट आने पर सत्याग्रह करने को मजबूर हुए कुली

**लखनऊ।** कुलियों का भरण पोषण पर रेलवे के आधुनिकता और निजीकरण के चलते भारी असर पड़ा है। लगातार आय में गिरावट आने से कुलियों में खासी नाराजगी देखी गयी जिसके चलते रविवार को चारबाग में बैठक कर सत्याग्रह आंदोलन पर रणनीत बनाने पर चर्चा की गयी। रेलवे के निजीकरण और आधुनिकरण के नाम पर हो रहे बदलाव के कारण कुलियों की आय में भारी गिरावट हुई है। केंद्र सरकार लगातार वंदे भारत, तेजस जैसी नई ट्रेनों को चलाने पर जोर दे रही है और सामान्य ट्रेनों में भी एसी के डिब्बे बढ़ा रहे हैं। स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियों और बैटरी गाड़ी के जरिए माल और सवारियों को ढोया जा रहा है। ऐसी स्थिति में रेलवे स्टेशन पर कुलियों की पहचान और आय दोनों खत्म होते जा रहे हैं। इस बात को लेकर रविवार को चारबाग में कुलियों की बैठक में सत्याग्रह आंदोलन की रणनीति बनाई गई। यह बातें कुली युनियन चारबाग के अध्यक्ष राम सुरेश यादव और मुख्य वक्ता वर्कर्स फ्रंट के अध्यक्ष दिनकर कपूर ने कही। उन्होंने कहा कि चारबाग स्टेशन पर कुलियों ने बैठक करके सरकार से 2008 की तरह ही कुलियों को रेलवे में भर्ती करने की मांग की है। इन कुलियों के रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था के लिए आगामी दिनों में सत्याग्रह आंदोलन खड़ा करने और 23 सितंबर को डीएलसी ऑफिस पर आयोजित राष्ट्रीय प्रतिवाद दिवस में शामिल होने का फैसला लिया गया। बैठक को अरुण कुमार, अकील अहमद, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार यादव, कृष्णा चौधरी, मंगल प्रसाद यादव, अमीर अहमद, बैजनाथ यादव, घनश्याम वर्मा, इम्तियाज, अकबर, मोहम्मद अहमद, राम आधार यादव ने संबोधित किया।

## ई- हॉस्पिटल पोर्टल पर उपलब्ध दवाएं ही लिखेंगे डॉक्टर

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी प्रशासन हॉस्पिटल रिवॉल्विंग फंड (एचआरएफ) दवाएं उपलब्ध कराने के लिये नई व्यवस्था लागू करने जा रहा है। ई- हॉस्पिटल पोर्टल पर सभी दवाओं की फीडिंग होगी। डॉक्टर वही दवाएं लिखें जो स्टॉक में उपलब्ध हैं। केजीएमयू में रोगियों को करीब 60 फीसदी तक सस्ती दवाएं मुहै कराने को लेकर एचआरएफ की व्यवस्था शुरू की गई। दवा काउंटर पर उपलब्ध बहुत सी दवाओं के बारे में डॉक्टरों को पता न होने से यह दवाएं नहीं लिखते हैं। कुछ डॉक्टर बाजार की दवाएं लिखते हैं। इससे रोगियों को सस्ती दवाएं नहीं मिल पा रही हैं। अब ई- हॉस्पिटल पर सभी दवाओं की फीडिंग करायी जा रही है। सिस्टम पर दवाएं दिखेंगी। इससे डॉक्टरों को एचआरएफ की दवाओं के बारे में पता रहेगा। यही दवाएं लिखेंगे। ताकि रोगियों को दवां काउंटर अधिकांश दवाएं मुहैया करायी जा सकें।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 187213 लोगों को मिला चिकित्सकीय परामर्श

**लखनऊ।** आम आदमी के द्वार तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुॅचाने के उद्देश्य से योगी सरकार की तरफ से शुरू की गयी मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को प्रदेश भर में किया गया। मेले के दौरान कुल 187213 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श का फायदा लिया। रविवार को आयोजित 167 वां मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 187213 रोगी 77662 पुरुष 76972 महिलाये 32579 बच्चे लाभान्वित हुए एवं 1275 गम्भीर रोगियों का उच्च चिकित्सालयों में उपचारार्थ संदर्भन किया गया तथा 3926 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 4944 चिकित्सक तथा 14876 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 2807 आई0 सी0 डी0 एस0 स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। आज के मेले में कुल 14643 फीवर केसेज आये, जिनमें 5685 रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किये गये तथा 43 मलेरिया हेतु धनात्मक पाये गये। डेंगू के 2287 टेस्ट किये गये, जिसमें 09 मरीज धनात्मक पाये गये।

# बच्चों को आवारा कुत्तों के काटने से बढ़ी दहशत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में आए दिन आवारा कुत्तों (डॉग) के काटने की घटना बढ़ी हैं, जिससे शहरवासियों में भय की स्थित बनी हुई है। लिफ्ट हो या पार्क में छोटे- छोटे बच्चों को घरों में पले कुत्ते बुरी तरह से घायल करने की घटना सामने आने के बाद नगर निगम के प्रति लोगों में भारी आक्रोश है। हालांकि नगर निगम का दावा है कि नगर निगम सीमा में लगातार आवारा कुत्तों का वैक सीनेशन प्रोग्रेम चलाया जा रहा है। साथ ही अवैध श्वान पालाकों सहित कंट्रोल रूम में आ रही शिकायतों का भी निस्तारण और कार्रवाई लगातार की गयी हैं।

शहर में लोगों को लगातार कुत्ते के काटने की घटनाएं बढ़ीं हैं। हुसैनगंज में स्कूल जाते बच्चों को काटने की घटना हो या गोमतीनगर जैसे पॉश इलाके में लिफ्ट में जाते समय पले हुए कुत्ते द्वारा छोटी ब च्ची को बुरी तरह काटने की घटना ने अभिभावकों को परेशान किया है। कुत्ते की काटने की घटना का नगर निगम के कंट्रोल नंबर पर शिकायत दर्ज कराकर निराकरण करने की मांग लगातार की जा रही है। हालांकि नगर निगम के पशुचिकित्साधिकारी डॉ अभिनव वर्मा के मुताबिक शहर में आवारा कुत्तों का वैक्सीनेशन प्रोग्रेम लगातार चलाया जा रहा है, जिससे काफी संख्या में कुत्ते वक सीनेट किया जा चुके हैं। वहीं नगर निगम के कागजों में दर्ज आंकड़ों की माने तो राजधानी के 450 घरों में प्रतिबंधित नस्ल के डॉग पाले जा रहे हैं, लेकिन एक हकीकत यह भी है कि चोरी छिपे प्रतिबंधित ब्रीड के डॉग पालने वालों की संख्या हजारों में हो सकती है। ऐसे में अब नगर निगम की ओर से जोनवार सर्वे शुरू कराया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रतिबंधित ब्रीड के डॉग्स को लेकर जो नियम आया है, उसका अनुपालन कराया जा सके। वहीं, नगर निगम के आंकड़ों में साफ है कि 450 घरों में प्रतिबंधित ब्रीड के डॉग्स पले हुए हैं। इनके ओनर्स की ओर से लाइसेंस भी बनवाए गए हैं, जिनकी वैद्यता 31 मार्च तक है। वहीं, यह भी स्पष्ट है कि पॉश एरिया से लेकर अन्य इलाकों में भी घरों में चोरी छिपे ढंग से प्रतिबंधित डॉग्स पाले जा रहे हैं। इनकी संख्या हजारों में हो सकती है। चूंकि इनके ओनर्स की ओर से लाइसेंस नहीं बनवाया जाताए इस वजह से नगर निगम के पास कोई सटीक डेटा नहीं है।

### डॉग लाइसेंस एक नजर में

3525 विदेशी बड़ी ब्रीड
2560 विदेशी छोटी ब्रीड
1760 देसी ब्रीड

### प्रतिबंधित ब्रीड लाइसेंस

450 कुल लाइसेंस बने
257 रॉट विलर के
60 पिटबुल के
12 डोगो अर्जेनटीनो के
07 अमेरिकन बुलडॉग

### सबसे ज्यादा रॉट विलर

लाइसेंस के आंकड़ों से साफ है कि घरों में सबसे ज्यादा रॉट विलर पाले जाते हैंए जबकि लिस्ट में दूसरे नंबर पर रॉट विलर हैं। इसके बाद प्रतिबंधित अन्य डॉग्स की बात की जाए तो किसी ब्रीड के 10 लाइसेंस बने हैं तो किसी के 5 या 4।

### इन नस्लों पर प्रतिबंध

पिटबुल, टेरियर, टोसा इनू, अमेरिकन टेरियर, साउथ रशियन, रॉट विलर, डोगो अर्जेनटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, मैस्टिफ, जापानी टोसा, जापानी अकिता, केन कारसो, वैनदागो

### अभियान के दौरान अभद्रता

कई बार देखने में आता है कि जब नगर निगम की ओर से डॉग चेकिंग अभियान चलाया जाता है तो कई डॉग ओनर की ओर से अभद्रता (मिसबिहेव ) किया जाता है। चेकिंग टीम को घर के अंदर तक घुसने नहीं दिया जाता है। इस वजह से अब नगर निगम की ओर से पुलिस की मौजूदगी में चेकिंग अभियान चलाए जाने की तैयारी की जा रही है।

### 50 ब्रीडिंग सेंटर पर भी नजर

नगर निगम एरिया में 50 से अधिक ब्रीडिंग सेंटर संचालित हैं। नगर निगम की ओर से इन सभी को नोटिस जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए जाएंगे कि अब वे प्रतिबंधित डॉग्स की ब्रीडिंग नहीं करा सकेंगे। अगर कोई भी ब्रीडिंग सेंटर ऐसा करता मिलता है तो उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। चोरी छिपे ढंग से चल रहे ब्रीडिंग सेंटर्स को सामने लाने के लिए नगर निगम के एनिमल वेलफेयर डिपार्टमेंट की ओर से सभी आठ जोन में चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। इस अभियान की शुरुआत एक अप्रैल से की जाएगी।

***शहर में आवारा कुत्तों का वैक्शनेशन प्रोग्रैम रेगुलर चलाया जाता है। कंट्रोल रूम व अन्य सोर्स से आने वाली शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाता है। अभी एक अप्रैल से सभी आठों जोन में प्रतिबंधित ब्रीड के चेकिंग का भी अभियान चलाया गया था। साथ ब्रीडिंग सेंटर्स पर भी शिकंजा कसा जाएगा।***

***डॉ अभिनव वर्मा, एनिमल वेलफेयर ऑफिसर, नगर निगम***

# तत्परता से करें लोगों की समस्याओं का निस्तारण: योगी

● तीन दिनों में कुल 900 लोगों की समस्याएं सुनीं ● मुख्यमंत्री ने समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश



**लखनऊ/गोरखपुर।** योगी आदित्यनाथ ने लगातार तीसरे दिन गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इन समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान तत्परता से करें। जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। लगातार तीन दिन हुए जनता दर्शन के आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री ने कुल मिलाकर 900 लोगों की समस्याएं सुनीं। रविवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाया गया था।

सीएम योगी इन सभी लोगों तक खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। रविवार को उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिया कि सबके साथ न्याय होगा। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण की हिदायत दी। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर सीएम ने कहा कि जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं।

उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इनमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सीएम योगी उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और न होने की जानकारी पर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान उन्होंने हर पात्र का आयुष्मान कार्ड बनवाने का निर्देश भी अधिकारियों को दिया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ आए बच्चों को दुलारकर मुख्यमंत्री ने उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी है भाजपा: नीरज

● भाजपा का विशेष सदस्यता अभियान आज से 25 सितंबर तक




**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट विधानसभा के तहत दशमेश भवन, आलमबाग में निर्मल सिंह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर नए सदस्य जोड़ने का कार्य किया और मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। पंडित दीन दयाल व श्याम प्रसाद मुखर्जी ने पार्टी का निर्माण किया था। दो सदस्यों वाली भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी कार्यकर्ताओं की पार्टी बन गई है। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि लखनऊ महानगर में हमारे कर्मठ और ऊर्जावान कार्यकर्ता घर-घर पहुंच रहे हैं और 2 लाख से अधिक सदस्य जोड़ने में सफल हुए हैं। हमें विश्वास है कि सदस्यता अभियान में लखनऊ महानगर कार्यकर्ता सर्वाधिक सदस्य बनाकर उप्र में प्रथम स्थान पर रहेंगे उसके लिए 23 से 25 सितंबर तक विशेष सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। एमएलसी मुकेश शर्मा ने फैजुल्लागंज में एड. रोहित पवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वकीलों और क्षेत्रवासियों को मिस्ड कॉल दिलवा कर पार्टी से जोड़ा और मोहनलालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पांडे सत्यम् द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं कार्यकर्ता जानों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर 'सेवा पखवाड़ा' के तहत महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने आज प्रात: कैंट विधानसभा के चित्रगुप्त नगर वार्ड में टेक्निकल स्कूल के पास पार्क में बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया। स्वच्छता रैली का शुभारंभ कर उसमें सम्मिलित हुए और सफाईकर्मियों का सम्मान किया। हरशरण लाल गुप्ता, मान सिंह एवं अन्य सम्मानित जन उपस्थित रहे। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि कैंट सदस्यता अभियान कार्यक्रम में पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, परविंदर सिंह, मानसिंह, अशोक तिवारी, मंडल अध्यक्ष राजन वर्मा पार्षद पीयूष दीवान, प्रमोद सिंह ईशान शर्मा, रतपाल सिंह गोल्डी, अनिल वरमानी, सुरिन्दर बक्शी, दमन सेठी, गुरजीत सिंह छाबड़ा, कपिल अरोरा, विनोद रात्रा, हरीश कोहली, गीरीश मिश्रा, राजेन्द्र सिंह बग्गा (लक्की), सर्वजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, राजेन्द्र सिंह राजू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मछुआ समुदाय को सशक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता: डॉ. संजय कुमार निषाद

● नई सहकारी समितियों के गठन हेतु ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने आज मछुआ समुदाय के आर्थिक उत्थान और रोजगार सृजन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया। मत्स्य विभाग द्वारा बहुउद्देशीय नई मत्स्य जीवी सहकारी समितियों के गठन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्घाटन कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने किया। इस पोर्टल के जरिए मछुआरों को सहकारी समितियों में शामिल होने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने का सुनहरा मौका मिलेगा। इस कदम से समिति गठन की प्रक्रिया को पूरी तरह से ऑनलाइन और पारदर्शी बनाया गया है, जिससे समिति गठन में अनावश्यक विवाद और विलंब से बचा जा सकेगा।

इस नई व्यवस्था के तहत, मछुआ समुदाय के लोग अब ऑनलाइन आवेदन कर समितियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे। मत्स्य पालन, मत्स्य उत्पादन और मत्स्य विपणन की संभावनाओं के आधार पर समितियों का गठन किया जाएगा। फिलहाल प्रदेश में 1135 समितियां सक्रिय हैं, और इस नई योजना के तहत 565 नई समितियों के गठन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे लगभग 16,000 मछुआरों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। प्रत्येक न्याय पंचायत में एक समिति गठित करने की योजना है, जो मछुआ समुदाय के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति देगी।

समिति गठन की प्रक्रिया में न्यूनतम 27 सदस्यों की आवश्यकता होगी, जिसमें अनुसूचित जाति के तीन सदस्य और छह महिलाएं अनिवार्य रूप से शामिल होंगी। समिति के सदस्य बनने के लिए मछुआरों का सक्रिय रूप से मत्स्य पालन या मछली पकड़ने के कार्य में संलग्न होना आवश्यक होगा। आवेदन करने वाले सभी सदस्यों को आधार कार्ड और मोबाइल नंबर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इस प्रक्रिया में आवेदन के 30 दिनों के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेजों को पोर्टल पर अपलोड करना होगा, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।

डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा कि यह पहल मछुआ समुदाय को सशक्त बनाने और उन्हें नए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना के तहत समितियों को स्वायत्तता मिलेगी और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनका आर्थिक और सामाजिक विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने 'निषाद राज बोट सब्सिडी योजना' के बारे में भी जानकारी दी, जिसके तहत अब मत्स्य जीवी सहकारी समितियों और उनके सदस्यों को भी लाभ मिलेगा।

इस कार्यक्रम के दौरान विभागीय जलाशयों के ठेका/पट्टा की नीलामी प्रक्रिया में सुधार की भी घोषणा की गई। समितियों के लिए पहले आवश्यक हैसियत प्रमाण पत्र की अनिवार्यता को समाप्त कर, अब धनात्मक संतुलन पत्र और न्यूनतम 50त्न एफडीआर के आधार पर नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने की सुविधा दी जाएगी। 'सघन मत्स्य पालन एयरेशन सिस्टम' योजना के अंतर्गत महिला पट्टा धारकों को वरीयता देने का प्रावधान किया गया है, जिससे महिलाओं को भी अधिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मछुआ परिवारों के बच्चों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'उत्तर प्रदेश मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना' के तहत छात्रों को शुल्क प्रतिपूर्ति की सुविधा दी जाएगी। इस पहल से मछुआ परिवारों के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इस ऑनलाइन पोर्टल से न केवल मछुआ समुदाय को सशक्त किया जाएगा, बल्कि राज्य के आर्थिक विकास में भी योगदान मिलेगा। इस पहल को मछुआरों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और उन्हें स्व-रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# एमआरआई से कई तरह की बीमारियों की पहचान संभव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आईएसपीआर** के राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन रविवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में किया गया। दो दिवसीय सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम में डॉ. नीरा कोहली, डॉ. अजय डी सूजा, डॉ. अजय कुमार, डॉ. प्रिसिला जोशी, डॉ. अनमोल भाटिया, डॉ. अमित नंदन धर द्विवेदी जैसे प्रमुख वक्ताओं द्वारा बाल न्यूरोरेडियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी और हेड एंड नेक रेडियोलॉजी पर चर्चा की गई।

कार्यशाला के आयोजन सचिव व रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ. अनित परिहार ने कहा कि एमआरआई से कई तरह की बीमारियों की पहचान की जा सकती है। सीटी स्कैन की अपेक्षा एमआरआई से बेहतर परिणाम सामने आते हैं। सीटी स्कैन में 400 एक्सरे के बराबर रेडिएशन निकलता है। एमआरआई में रेडिएशन का खतरा नहीं होता है। बहुत जरूरी होने पर ही डॉक्टर मरीजों का सीटी स्कैन करवाएं। साथ ही युवा डॉक्टर यह तय कर लें कि मरीज का सीटी कंट्रास्ट करवाना है या सामान्य, जिससे मरीज की दो बार जांच न करवानी पड़े।

इस मौके पर केजीएमयू कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद को सम्मानित किया गया। दो दिवसीय राष्ट्रीय वैज्ञानिक आईएसपीआर सम्मेलन में अंतिम दिन रविवार को डॉ. नीरा कोहली, डॉ. अजय डी. सूजा, डॉ. प्रिसिला जोशी, डॉ. अजय कुमार, डॉ. अनमोल भाटिया, डॉ. अमित नंदन धर द्विवेदी आदि ने एमआरआई व रेडियोडॉयग्नोसिस से जुड़ी बारीकियों और जानकारी को युवा डॉक्टरों के बीच साझा किया। डॉ. अनित अगला लेख बताया कि छोटे बच्चों में लिवर या ब्रेन ट्यूमर के मामले अधिक प जाते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षित तरीके से एमआरआई जांच करानी बहुत जरूरी होती है। बच्चों के मामले में एमआरआई बेहतर विव है।डॉ. जितेंद्र सैनी, डॉ. शिवानी मेहरा आदि वक्ताओं ने उभरते युवा डॉक्टरों को रेडियोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों के बारे में बताया। वक्ताओं ने नई एमआरआई तकनीकों और कठिन मामलों में निदान की दुविधाओं और समस्या- समाधान पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान आयोजित पेपर और पोस्टर प्रेजेंटेशन, फिल्म रीडिंग सत्र के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रो. डॉ. अनित परिहार ने वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ उन सभी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया, जो इस शैक्षणिक भव्य आयोजन का हिस्सा बने। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों को भी बधाई दी और उनके अथक प्रयासों की सराहना की।

# नाबालिग हिंदू लड़की को अगवा करने पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में एक नाबालिग हिन्दू लड़की को कथित तौर पर अगवा करने के लिए एक नाबालिग लड़के और उसके परिजन समेत छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। आरोपी नाबालिग और लड़की दोनों लापता हैं। राया थाने के प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि कटैला गांव की रहने वाली नाबालिग लड़की और उसी गांव में रहने वाला आरोपी नाबालिग राया कस्बे के इण्टर कॉलेज एक साथ पढ़ते थे। उन्होंने बताया कि दोनों की आयु 17 वर्ष बताई गई है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव में ही रहने वालाा दूसरे समुदाय का 17 वर्षीय लड़का इस महीने 17 सितंबर को उनकी लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक, आरोपी लड़का उनकी बेटी का धर्म परिवर्तन कराना चाहता है और निकाह करने के लिए ही उनकी बेटी को अपने साथ ले गया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि लड़की के परिजनों की शिकायत पर 19 सितंबर को लड़के और उसके पांच परिजनों के खिलाफ अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है तथा आरोपी की तलाश की जा रही है। क्षेत्रीय पुलिस उपाधीक्षक भूषण वर्मा ने बताया कि हम अभी निश्चित तौर पर यह नहीं कह सकते कि कथित रूप से लव-जिहाद जैसा कोई मामला है।

अभी यह तय नहीं हो पाया है कि वे दोनों साथ-साथ ही घर से गायब हुए हैं। वर्मा ने बताया कि आरोपी लड़के के भी सभी संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है और लड़की की बरामदगी और उसके बयानों के आधार पर पता चलेगा कि उसके गायब होने में आरोपी लड़के की क्या भूमिका है।

# लोनिवि ने सड़क धँसने की घटना को त्वरित लिया संज्ञान में

● बैरिकेटिंग लगाकर मरम्मत का कार्य करा दिया गया: विजय कन्नौजिया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आलमबाग** कोतवाली के ठीक सामने सड़क धंसने के मामले को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए स्थल की बैरिकेटिंग करा कर सड़क की मरम्मत शुरु करा दी गई। मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) विजय कन्नौजिया ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के संज्ञान में आने पर तत्काल स्थल पर बैरिकेड करते हुये कार्य प्रारंभ करा दिया। उन्होंने बताया कि लखनऊ कानपुर मार्ग के किलोमीटर 6 में स्थित आलमबाग कोतवाली के ठीक सामने मार्ग की लेपित सतह के नीचे विद्युत विभाग द्वारा डाली गई, केबल को कवर करने हेतु पूर्व से रखे हुए दो पत्थरों के बीच में उपलब्ध रिक्त स्थान जिसकी चौड़ाई लगभग 30 सेंटीमीटर मात्र है, मार्ग धँस गया है। मार्ग की त्वरित मरम्मत का कार्य कराए जाने हेतु लोक निर्माण विभाग की टीम ने मौके पर जाकर मरम्मत करते हुए मार्ग को सुरक्षित यातायात हेतु उपलब्ध करा दिया। मौक़े पर अधिशासी अभियंता सत्येंद्र नाथ, सहायक अभियंता सौरभ पांडेय सहित अन्य विभागीय अभियंता की देखरेख में कार्य कराया गया।

# सपा मुख्यालय में मनाई गई मोहन सिंह की 11वीं पुण्यतिथि

**लखनऊ।** प्रखर समाजवादी नेता एवं पूर्व सांसद बाबू मोहन सिंह की 11वीं पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय लखनऊ में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। नेता विरोधी दल, राज्य विधान सभा माता प्रसाद पाण्डेय एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। स्वर्गीय मोहन सिंह की सुपुत्री कनकलता सिंह पूर्व सांसद ने भी माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। मोहन सिंह देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार सांसद निर्वाचित हुए थे। उन्हें आपातकाल में जेल जाना पड़ा। उन्हें श्रेष्ठ सांसद होने का भी सम्मान मिला था। उन्होंने कई पुस्तकें एवं लेख लिखे। वे मानते थे कि समाजवादी व्यवस्था से ही गरीबी का उन्मूलन हो सकता है। समाजवादी पार्टी के वे राष्ट्रीय महासचिव थे।



बाबू मोहन सिंह ने मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव के नेतृत्व में भी समाजवादी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की थी। मोहन सिंह को श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में टीएन सिंह, (उनके दामाद) अरविन्द कुमार सिंह पूर्व सांसद, रविदास मेहरोत्रा विधायक, उदयवीर सिंह, रामवृक्ष सिंह यादव एवं असीम यादव पूर्व एमएलसी सहित आरिफ सिद्दीकी प्रदेश सचिव, धर्मेन्द्र सोलंकी प्रदेश अध्यक्ष सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, चौधरी मोहम्मद मोहसिन प्रदेश सचिव, केके श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र, प्रशांत कुमार एडवोकेट, तुषार कुमार सिंह, अतुल कुमार सिंह, भूपेन्द्र दिवाकर, राधेश्याम सिंह, डॉ. लल्लन सिंह, राधेश्याम सिंह, सुभाष यादव, अली आजम शेख, डॉ. मगरूब कुरैशी, इसरार अंसारी, रूप नाथ यादव, अभिषेक रंजन यादव एडवोकेट, देवेश सिंह एडवोकेट, विपिन राव एडवोकेट, अजयरत्न एडवोकेट, संदीप सिरोही आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

देवरिया में सपा कार्यालय में समाजवादी चिंतक विचारक लेखक चारों सदनों के सदस्य रहे सर्वोच्च सांसद पुरस्कार से सम्मानित स्वर्गीय मोहन सिंह जी की 11वीं पुण्यतिथि मनाई गई और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष व्यास यादव जिला उपाध्यक्ष उद्धव नारायण सिंह हृदय नारायण जायसवाल कमलेश पांडे चौधरी श्री राम प्रकाश यादव बांके लाल यादव रामानंद यादव विजय प्रताप यादव हुसैन अहमद बजरंग बहादुर सिंह बांके लाल यादव श्री विनोद जायसवाल पवन कुशवाहा तेज गांधी पारसनाथ यादव सच्चिदानंद पारसनाथ यादव हरेराम सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुन्ना यादव जयश्री यादव नित्यानंद तिवारी आदि लोग ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष श्री अवधेश चौधरी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कामिल शेख भी इस मौके पर उपस्थित रहे। संचालन जिला महासचिव मंजूर हसन ने किया।

# आगरा में गैंगस्टर की 1.20 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पुलिस ने कुख्यात अपराधी अली शेर कुरैशी की 1.20 करोड़ रुपए की संपत्ति रविवार को कुर्क कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी अली शेर कुरैशी की शाहगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया गया। उसपर अलग-अलग थानों में बीस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। सहायक पुलिस आयुक्त (लोहामंडी) मयंक तिवारी ने बताया कि लोहामंडी क्षेत्र के रहने वाले अली शेर कुख्यात अपराधी है और उसके खिलाफ शहर के अलग-अलग थानों में लूट, अपहरण, बलवा, फिरौती, गुंडा एक्ट समेत अन्य धाराओं में 22 मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि अली शेर पर दो बार गुंडा एक्ट और गैंगस्टर भी लग चुका है।

# धर्मांतरण के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

**मथुरा।** मथुरा जिले के हाईवे थानाक्षेत्र के तुलसी नगर इंद्रपुरी कॉलोनी में लोगों को हिंदू धर्म से ईसाई धर्म में परिवर्तित करने की कोशिश करने के आरोप में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति लोगों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हाईवे थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और पांच लोगों को गिरफ्तार किया। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों को तब गिरफ्तार किया गया जब धर्म परिवर्तन से पहले वहां एक धर्म सभा चल रही थी। पुलिस ने कहा कि कथित धर्मांतरण के लिए लगभग 48 पुरुष और महिलाएं भी मौके पर एकत्र हुए थे।

उन्होंने बताया कि आरोपियों को उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में सैमसन सैमुअल, अमरदेव, विकास भोई, अजय सेल्वराज और राकेश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों के कब्जे से बड़ी संख्या में धार्मिक किताबें, पोस्टर आदि बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। हाईवे थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) आनन्द कुमार शाही ने शनिवार शाम को बताया था कि पुलिस ने वहां एक मकान में करीब 48 पुरुषों और उसके सामने वाले मकान में इतनी ही महिलाओं को एकत्रित पाया। उन्होंने बताया था कि वहां भोजन आदि का कार्यक्रम चल रहा था, वहां कुछ धर्म संबंधी पत्रक भी मिले।

उन्होंने बताया था कि मकान के अंदर मौजूद एक ताइवानी नागरिक, मकान मालिक, उनकी पत्नी तथा करीब 12 महिला-पुरुषों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। एसएचओ ने कहा था कि धर्मांतरण के आरोप की पुष्टि करने वाला कोई ठोस प्रमाण मिलने पर ही उनके खिलाफ कार्वाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्रधिकारी (सीओ) श्वेता वर्मा ने रविवार को बताया कि जिस मकान में बैठक करके लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा था, उसकी तलाशी लेने पर गिरफ्तार व्यक्तियों के पास काफ़ी मात्रा में धार्मिक पुस्तकें, पोस्टर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि बरामद हुए। उन्होंने बताया कि इस घटना के सम्बन्ध में थाना हाईवे पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि ताईवानी नागरिक सहित जिन सात अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया था, जांच में उनकी भूमिका नहीं मिलने पर उन सभी को रात में ही रिहा कर दिया गया। उन्होंने बताया कि ताईवानी नागरिक सिंगफू पर्यटन वीजा पर भारत आया था। उन्होंने बताया कि वह सैमुअल के पास रहता था। उन्होंने बताया कि पुलिस को जांच के दौरान मतांतरण में उसकी कोई भूमिका नहीं मिली। उन्होंने बताया कि उसके लैपटॉप की भी जांच की गई लेकिन उसमें कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

# शांति और संरक्षण का शाश्वत प्रतीक है सनातन धर्म: डॉ. राजेश्वर सिंह

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को ट्वीट कर दुनिया के लिए सनातन को धर्म ज्ञान, शांति और संरक्षण का शाश्वत प्रतीक बताया। डॉ. सिंह ने अपने आधिकारिक एक्स ( ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा अराजकता और कोलाहल में खोई दुनिया में, सनातन धर्म ज्ञान, शांति और संरक्षण के शाश्वत प्रतीक के रूप में स्थापित है। सनातन धर्म को शांति का शाश्वत किला बताते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने लिखा विगत 5,000 से अधिक वर्षों से, सनातन धर्म ने मानवता के मूल स्वरूप को संरक्षित करते हुए अहिंसा और वसुधैव कुटुंबकम का समर्थन किया है। वैश्विक स्तर पर 120 करोड़ से अधिक धर्मावलम्बियों के साथ, सनातन धर्म शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व का सन्देश देती सबसे प्रभावशाली शक्ति है। विधायक ने आगे लिखा सनातन संस्कृति वर्तमान परिपेक्ष्य में धर्म की परिभाषाओं से परे जीवन जीने का एक कालातीत तरीका है। सनातन धर्म केवल आस्था नहीं है - यह एक व्यापक जीवन शैली है। 1500-500 ईसा पूर्व के बीच रचित वेद और उपनिषद विज्ञान, दर्शन और आध्यात्मिकता में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। ऋग्वेद में प्रकाश की गति का उल्लेख उसकी बेजोड़ वैज्ञानिक दूरदर्शिता को सिद्ध करता है। सनातन के अनुष्ठान ऐसे हैं जहां विज्ञान का साक्षात्कार अध्यात्म से होता है, यज्ञ अनुष्ठान न केवल आत्मा को आलोकित करते हैं, बल्कि वे ग्रह को भी लाभान्वित करते हैं। सनातन धर्म में बतलाये गए कर्म नैतिक जीवन संहिता हैं। सम्पूर्ण विश्व के लिए सनातन का योगदान ज्ञान के पथप्रदर्शक के रूप में है, सनातन संस्कृति वह विरासत है जो समय से परे है,सनातन धर्म के त्यौहार अरबों लोगों को एकजुट करते हैं। प्रकृति की पूजा में गहराई से निहित सनातन का पर्यावरणीय ज्ञान, सहस्राब्दियों तक पृथ्वी की रक्षा का सन्देश देता रहेगा। संघर्ष और संकट के समय में दुनिया को आशा प्रदान करते सनातन मूल्य सत्य, अहिंसा और शांति सामंजस्यपूर्ण भविष्य की कुंजी हैं।

## सरोजनीनगर विधायक ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर लखनऊ कानपुर मार्ग पर मेमू ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाने की मांग की

डॉ. राजेश्वर सिंह ने रविवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर लखनऊ - कानपुर मार्ग पर मेमू ट्रेनों के फेरों की संख्या बढाए जाने की मांग की। रेल मंत्री को लिखे गए पत्र में डॉ सिंह ने उल्लेख किया कि कोरोना काल से पहले तक कानपुर लखनऊ रेल मार्ग पर 14 अप और 14 डाउन मेमू ट्रेनों का संचालन किया जाता रहा है, लेकिन कोरोना काल के उपरान्त अब केवल 3 अप और 3 डाउन ट्रेनें संचालित हो रही हैं। इन ट्रेनों के माध्यम से विद्यार्थी, किसान मजदूर और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सर्वाधिक यात्रा करते हैं। ट्रेनों की कमी के कारण इन यात्रियों को असुविधा हो रही और उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है।

## 89वें जन सुनवाई शिविर में सुनीं गईं ग्रामीणों की समस्याएँ

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आपका विधायक-आपके द्वार जनसुनवाई का आयोजन कर प्रति सप्ताह एक ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया जाता है और उनसे मिलकर गाँव के विकास सम्बंधित सुझाव भी प्राप्त किये जाते हैं। इसी क्रम में रविवार को ग्राम पंचायत मखदूमपुर कैंथी, मजरा शाहपुर मझिगवां में 89वें आपका विधायक - आपके द्वार जनसुनवाई शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएँ सुनीं गईं। शिविर में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पूरी टीम लैपटॉप, प्रिंटर और अन्य संसाधन लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंची। इस दौरान विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की टीम को ग्रामवासियों ने सड़क एवं नाली निर्माण, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, हैण्ड पंप, लाइट तथा प्रधानमंत्री आवास जैसी समस्याओं और सुझावों से अवगत कराया, साथ ही 'गाँव की शान' पहल के अंतर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले मखदूमपुर कैंथी, मजरा शाहपुर मझिगवां के 2 मेधावियों आयुष साहू (80.6 प्रतिशत) तथा अनामिका (77.8 प्रतिशत) और हाईस्कूल परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले 2 मेधावियों नित्या साहू (87.5 प्रतिशत) व आदित्य (77.83 प्रतिशत) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शाहपुर मझिगवां गाँव के वरिष्ठ नागरिक हीरालाल, राजाराम भारती, ग्राम प्रधान मनोज कुमार लोधी, सेक्टर संयोजक नवनीत वर्मा, नन्द किशोर तिवारी, महावीर, मेडी लाल, सुन्दर लाल, गंगादेई, राजरानी, सरजूदेई, कमला, माधुरी एवं उर्मिला को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही सरोजनीनगर की पहचान बन चुकी ताराशक्ति रसोई के माध्यम से उपस्थित लोगों को ताजा, पौष्टिक भोजन भी उपलब्ध कराया गया।

## गोंड आदिवासी महासभा समिति के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न




**मुगलसरायध्चन्दौली** । भारतवर्षीय से गोंड आदिवासी महासभा समिति की एक बैठक दिन रविवार को सदलपुरा ब्लॉक सकलडीहा जनपद चंदौली में संपन्न हुई।सभा में संगठन के विस्तार पर चर्चाएशिक्षा के प्रचार प्रसार पर बल देने के साथ सदस्यता अभियान के लिए मुहिम चलाई गई ब्लॉक के पदाधिकारी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्यामलाल गोंडएउपाध्यक्ष रवि शंकर गोंडएप्रांतीय महामंत्री श्री कृष्णा गोंड़एमंत्री रामकृत गोंड़एविनोद कुमार गोंडए कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गोंडए संगठन मंत्री अजय गोंडए प्रचार मंत्री हरिवंश गोंडएकेशव गोंड़एकार्यकारिणी सदस्य कैलाशएश्याम नंदनए सोनूएविक्कीएहरिओम को नियुक्त किया गया।अध्यक्षता श्यामलाल व संचालन रवि शंकर गोंड़ ने किया।

## दुद्धी कस्बा चौकी पर शांति समिति की बैठक



सोनभद्र।दुद्धी क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल के अध्यक्षता में शांति समिति को बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभारी निरीक्षक दुद्धी मनोज कुमार सिंह ने आगामी त्यौहार नवरात्रि को लेकर जानकारी प्राप्त किया। दुद्धी थानाक्षेत्र अंतर्गत दुद्धी कस्बा सहित गांव में स्थापित होने वाले मूर्तियों के संबंध मे व रामलीला स्थल के बारे में जानकारी लिया और ग्राम प्रधान सहित बैठक में उपस्थित प्रबुद्धजनों से अपील किया की शांति पूर्ण तरीके से अपने त्योहार को मनाए। वही क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने कहा कि त्यौहार में खलल डालने वालों की खैर नहीं है। पुलिस और पीएससी के जवान सादे कपड़े में स्थापित दुर्गा प्रतिमा के सुरक्षा में व मनचलों, उच्चको पर कड़ी निगाह रखी रहेगी तथा अवांछित तत्वों पर निगाह रखी जायेगी ताकि त्योहार में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न ना हो सके। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार अग्रहरि, कमल कानू, कन्हैया लाल अग्रहरि पंकज जायसवाल, दिलीप पांडे, निरंजन कुमार, राकेश, फतेह मुहम्मद खान, इब्राहिम खान, सेराज खानसहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## डीएम ने सोन नदी पर निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने शनिवार को शिल्पी ग्राम के सामने सोन नदी पर निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पुल निर्माण हेतु नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि पुल के निर्माण का कार्य अति शीघ्र गुणवत्त पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जायें जिससे वाहनों के संचालन हेतु पुल का प्रयोग प्रारंभ हो और लोगों के आवागमन की सुविधा में सुगमता हो सके, निरीक्षण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि निर्माणाधीन पुल के सामने बने अप्रोच मार्ग की गुणवत्ता ठीक नहीं पायी गयी, इस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि पुल के अप्रोच मार्ग की गुणवत्ता ठीक करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर तहसीलदार घोरावल नटवर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, थानाध्यक्ष घोरावल सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहें।

## पोर्टफोलियो का विस्तार किया

वाराणसी। ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड ने मास प्रीमियम सेगमेंट में मिनिएचर सर्किट ब्रेकर की स्टेला नियो रेंज को लॉन्च करके अपने स्विचगियर पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। बेहतर सुरक्षाए इंस्टॉलेशन में आसानीए टिकाऊपन के साथ शानदार प्रदर्शन के चार अहम पहलुओं को ध्यान में रख कर डिज़ाइन किया गया यह नया स्टेला नियो एमसीबी बेहतरीन विद्युत सुरक्षा और विश्वसनीयता का वादा करता है। यह लॉन्च कंपनी के भारत के तेजी से बढ़ते लो.वोल्टेज स्विचगियर बाजार में अपनी स्थिति को सशक्त करने की योजना का हिस्सा है।ओरिएंट इलेक्ट्रिक लिमिटेड के एमडी और सीईओ रवींद्र सिंह नेगी ने बताया किए श्हमारा फोकस हमेशा सबसे बढ़िया क्वॉलिटी के स्विचगियर प्रोडक्ट्स देने पर रहा है जो भारतीय उपभोक्ताओं की विद्युत सुरक्षा से जुड़ी सभी जरूरतों के हिसाब से बने हों।

## बेलहत्थी बौद्ध विहार मे बोधि बृक्ष की हुयी स्थापना

सोनभद्र।गौतम बुद्ध ही विश्व शांति के दूत है गौतम बुद्ध का उपदेश मानव समाज का दर्पण है,पंचशील सिद्धांत से ही नव समाज का निर्माण किया जा सकता है।उक्त बातें उ0प्र0 सरकार के राज्य मंत्री संजीव गोड ने बेलहत्थी बौद्ध विहार मे बोधि बृक्ष की स्थापना करते हुए कही। राज्य मंत्री संजीव गोड ने कहा कि भाजपा सभी धर्मो का आदर करती है।सनातन संस्कृति को बचाने के लिए,समाज के निर्माण तथा विश्व शांति हमारी सरकार चाहती है यही हमारा देश चाहता है।वसुधे कुटुम्कम हमारी सोच है।तथागत भगवान गौतम बुद्ध ने पंचशील का सिद्धांत विश्व को दिया है देश और हमारा समाज गौतम बुद्ध के सिद्धांतो पर चलता है तो हमारा समाज आगे बढ़ेगा।बेलहत्थी का बौद्ध विहार समाज मे शांति और पंचशील के प्रसार का बड़ा केंद्र साबित होगा। उन्होंने बोधि बृक्ष के महत्व को बताते हुए कहा कि इसी बृक्ष के निचे गौतम बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त किया था।

# हिंदी हमारी मूल और स्वाभाविक भाषा

### इफ्को फूलपुर में हिंदी सप्ताह समापन समारोह व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न



**प्रयागराज।** हिंदी सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन इफ्को घियानगर फूलपुर के सामुदायिक केन्द्र में भव्य तरीके से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शिव कुमार राय संयुक्त आयुक्त आयकर विभाग प्रयागराज रहे। कार्यक्रम में हिंदी भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त शिव कुमार राय ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से हिंदी के प्रति अपने प्रेम को बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें अपनी मूल चीजों को साथ लेकर आगे बढ़ाना होगा। दूसरी भाषा का ज्ञान कोई बुराई नहीं है। उसका इस्तेमाल एक औजार की तरह करने के लिए जानना भी चाहिए। हिंदी हमारी मूल है तथा हमारी स्वाभाविक भाषा है। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने कहा हमें हिंदी बोलते हुए गर्व होना चाहिए। उन्होंने सभी अभिभावकों से कहा कि अपने बच्चों को हिंदी अवश्य पढ़ाएं। यह कार्यक्रम हिंदी भाषा के प्रति समर्पण और सम्मान को प्रदर्शित करता है और हमें आशा है कि आने वाले वर्षों में भी ऐसे आयोजन होते रहेंगे। प्रसिद्ध कवि मकदूम फूलपुरी ने अपनी कविताओं से सबका ध्यान आकर्षित किया। उनकी पंक्तियां रही सद्भाव के दीप जलाते रहेंगे। हिंदी को मन से मनाते रहेंगें। यह मन से ठान लिया कि इंग्लिश के साथ बच्चों को हिंदी पढ़ाते रहेंगें। प्रज्ञा मिश्रा अजय कुमार मिश्र लोकेन्द्र प्रताप सिंह अशोक तिवारी व संतोष कुमार शुक्ल ने अपनी रचनाएं पढ़ी। प्रतियोगिताओं में कविता पाठ निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता शामिल थीं। जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। श्री राय ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा आपकी मेहनत और लगन ही भविष्य की नींव रखती है।

कार्यक्रम का संचालन हेमलता सिजोरिया तथा अरविन्द चौहान ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हिंदी कार्य समिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। हिंदी सप्ताह के दौरान विभिन्न समूहों के लिए नारा निबंध हस्तलेखन अंताक्षरी और काव्य पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। जिनके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सम्मानित लोगों में यथार्थ सिंह आरूषि मिश्रा वृद्धि सिंह जेनी मनोज कुमार संतोष कुमार शुक्ल नीतू सिंह श्यामलाल जे एस द्विवेदी वंदना पाण्डेय मधु श्रीवास्तव सीमा असाटिया वर्मा वंदना शर्मा ख्याति सिंह संस्कृति तिवारी आकृति तिवारी यशिता शर्मा प्रज्ञा मिश्रा आशा त्रिपाठी आभा दुबे श्रद्धा पाण्डेय अजय कुमार मिश्र लोकेन्द्र प्रताप सिंह अशोक तिवारी संतोष कुमार शुक्ल मधु श्रीवास्तव मालती तिवारी प्रतिभा यादव शालिनी अनन्या श्रीवास्तव प्रिया राज अनुश्री यादव वंशिका शुक्ला आशा त्रिपाठी सविता द्विवेदी शालिनी जौहरी वंदना पाण्डेय पूनम शर्मा मंजू सिंह शालिनी श्रीवास्तव सुप्रिया शर्मा मधु श्रीवास्तव वंदना वर्मा रिंकू भारती श्वेता अवस्थी रेनू सिंह सीमा सिंह ऋचा सूद विभा शाही शामिल रहे। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य एम डी मिश्र ए पी राजेन्द्रन संजय भंडारी पी के सिंह संयुक्त महाप्रबंधक अरवेंद्र कुमार विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर इफ्को ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयम प्रकाश इफ्को इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय और महामंत्री विजय कुमार यादव रजनीश कुमार मिश्र अभय कुमार यादव सी बी सिंह तथा बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसंपर्क अधिकारी इफ्को फूलपुर ने दी।

## नकली सोने की गिन्नी के साथ दो ठग गिरफ्तार



**सोनभद्र।**कोतवाली पुलिस ने दो शातिर ठगों को नकली सोने की गिन्नी के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाना दुद्धी पर वादी बृजेश कुमार पुत्र सीताराम निवासी ग्राम रजखड़ थाना दुद्धी जिला सोनभद्र के तहरीर पर मु0 अ0 स0 -165/2024 धारा-316 (2), 318(4), 336(3) ,338,340(2) के तहत अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था तथा आरोप लगाया गया था कि दिनांक 17 सितम्बर 2024 अभियुक्त गण द्वारा वादी मुकदमा के साथ छल करके फर्जी रसीद दिखाकर नकली सोने की गिन्नी देकर 1,40,000 रुपया ले लिए थे ,जिसके पश्चात पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा दिये गये मार्ग दर्शन एवं निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व व क्षेत्राधिकारी दुद्धी महोदय के पर्यवेक्षण में थाना दुद्धी पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए 24 घण्टे के अन्दर घटना से सम्बन्धित अभियुक्त गण को 11 अदद नकली सोने की गिन्नी व नकली सोना बिक्री की रसीद के साथ 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया द्य उन्होंने बताया कि दोनो अभियुक्त जनपद मीरजापुर के अपराधी हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्तो की गिरफ्तारी रविवार की दोपहर 12.59 बजे रजखड़ जंगल से किया गया।पकड़े गये अभियुक्तों में 24 वर्षीय अजय कुमार बिन्द पुत्र स्व0 रामराज बिन्द निवासी विजयपुर थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर व 25 वर्षीय अवधेश कुमार बिन्द पुत्र शिवलोचन बिन्द निवासी भटेवरा थाना विंध्याचल जनपद मीरजापुर के निवासी है।गिरफ्तारी टीम में उनके साथ उ0नि0 मक्खन लाल ,हे0का0 अशोक सिंह यादव,हे0का0 नरेन्द्र प्रताप बिन्द,आरक्षी अविनाश कुमार,आरक्षी महेन्द्र सरोज,आरक्षी खोजेश यादव शामिल रहें।

## जयंत चौधरी ने छपरौली बागपत में किया स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन

वाराणसी। राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभारजयंत चौधरी ने आज छपरौली, बागपत में स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किया। यह सेंटर उम्मीदवारों को भारतीय पुलिस बलए भारतीय सेना और देश के अर्द्धसैनिक बलों में करियर की तैयारी के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करेगा। जयंत चौधरी ने कौशल रथ को भी हरी झंडी दिखाई। यह बस महत्वाकांक्षी उम्मीदवारों को कौशल प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन देती है। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के तत्वावधान में इस पहल का उद्देश्य सुलभ एवं व्यवहारिक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर विकास एवं इनोवेशन को बढ़ावा देना है।उद्घाटन समारोह के दौरान उन्होंने भारतीय युवाओं को चुनौतीपूर्ण पेशों जैसे सुरक्षा बलों में सफलता हासिल करने के लिए ज़रूरी कौशल प्रदान करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

## महरूआ के खडाहरा गांव में लाखों की चोरी से दहशत

**भीटी**-अम्बेडकरनगर। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात राम प्रकाश यादव पुत्र देवी प्रसाद यादव निवासी खड़ाहरा थाना महरुआ अंबेडकर नगर जो 11रू45 पर खेत की सिंचाई करने चले गए उनकी पत्नी सावित्री घर पर एक 7 वर्षीय बच्चे को लेकर सो रही थी कि इसी बीच सावित्री का कहना है कि तीन लोग आए जो मेरे घर में घुसकर एक झाला एक बुंदा दो अंगूठी गले का लॉकेट सोने का तथा एक पायल चांदी का तीन नई साड़ी चोरों ने उठा लें गये वही सावित्री का कहना है कि मेरे ऊपर गला दबाकर कोई पाउडर छिड़क दिए जो मैं बेहोश हो गई इसके बाद चोरी कर लिए चोरी करके जब वापस जाने लगे तो मेरी भैंस खोलने लगे भैंस चिल्लाने लगी मेरी बेहोशी खत्म हो गई मैं जैसे टॉर्च जलाई तो तीन लोग मुंह से कपड़ा बांधे थे जो भाग गए हल्ला गुहार पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए तथा रात को ही 112 पर सूचना दी गई सुबह राम प्रकाश यादव ने महरूआ थाने पर तहरीर दी थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी तथा मामला संदिग्ध है चोरी करना भैंस खोलना दोनों दो बातें है।

## अल्जाइमर रोगियों के प्रति संवेदनशीलता बेहद जरूरी

### केंद्रीय अस्पताल एनसीआर प्रयागराज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज के केंद्रीय अस्पताल में विश्व अल्जाइमर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि केंद्रीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सत्य प्रकाश शर्मा की उपस्थिति में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस वर्ष की थीम डिमेंशिया पर कार्य करने का समय अल्जाइमर पर कार्य करने का समय के तहत अल्जाइमर रोगियों के प्रति संवेदनशीलता और देखभाल कर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन में मुख्य भूमिका डॉ कल्पना मिश्रा की उपस्थिति रही।

डॉ मृत्युंजय कुमार ने अल्जाइमर रोग के महत्वपूर्ण वैज्ञानिक पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि यह एक प्रगतिशील न्यूरोडिजेनेरेटिव बीमारी है। जिसमें मस्तिष्क के हिप्पोकैम्पस जो स्मृति और स्थानिक जागरूकता से जुड़ा होता है। सबसे पहले क्षतिग्रस्त होता है। जैसे जैसे बीमारी बढ़ती है। मस्तिष्क के अन्य हिस्से भी प्रभावित होते हैं। जिससे रोगी की दैनिक जीवन की गतिविधियों में स्वतंत्रता कम होती जाती है। प्रारंभिक लक्षणों में साधारण भूलने की घटनाएं शामिल होती हैं जो समय के साथ अधिक गंभीर हो जाती हैं। और रोगी की भाषा ध्यान और समस्या समाधान क्षमता भी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अल्जाइमर का कोई स्थायी इलाज उपलब्ध नहीं है। हालांकि डोनेपेज़िल रिवास्टिग्माइन और मेमन्टाइन जैसी दवाओं के माध्यम से लक्षणों को नियंत्रित किया जा सकता है। ये दवाएं न्यूरोट्रांसमीटर असंतुलन को सुधारने में मदद करती हैं। हालांकि ये रोग की प्रगति को रोकने में पूरी तरह सक्षम नहीं हैं। रोकथाम के संदर्भ में डॉ कुमार ने मस्तिष्क की सक्रियता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। पहेलियाँ हल करना संगीत सुनना और योग जैसी गतिविधियाँ मस्तिष्क की प्लास्टिसिटी को बनाए रखने में सहायक हो सकती हैं। सामाजिक संपर्क और मानसिक रूप से उत्तेजक गतिविधियाँ भी रोग की प्रगति को धीमा करने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने बायोमार्कर्स जैसे पीईटी स्कैन और सीएसएफ विश्लेषण के उपयोग से अल्जाइमर के प्रारंभिक निदान की क्षमता पर चर्चा की। भविष्य में जीनोम एडिटिंग और इम्यूनोथेरपी जैसे उन्नत उपचार विकल्पों से इस बीमारी के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद जताई गई। इसके बाद डॉ कल्पना मिश्रा ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देखभालकर्ताओं के मानसिक और सामाजिक समर्थन की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस रोग से पीड़ित व्यक्तियों की देखभाल में देखभालकर्ताओं का समर्पण अत्यंत आवश्यक है और समाज को उनके समर्थन में कार्य करना चाहिए। डॉ रोहित कुमार ने देखभालकर्ताओं के समर्पण को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में मुख्य फार्मासिस्ट राज कुमार मुख्य नर्सिंग अधीक्षिकाएं मोडेस्टा सीता और सुमंती स्वास्थ्य शिक्षक श्रवण का विशेष योगदान रहा।

### ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 27 से

वाराणसी। अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 27 सितंबर से शुरू होगा। बेहतरीन डील्स, बड़ी बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अमेज़न इन पर कैटेगरी में 25 हजार से अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ इस त्योहारी सीजन का जश्न मनाएं। इसके अलावाए इस त्योहारी सीज़न में अमेजन ग्राहकों के लिए भारत के छोटे व्यवसायों का समर्थन करना आसान बना रहा है।

# लूट के खुलासे को बैंक संचालक लामबंद

### कामकाज ठप कर जताया विरोध



**सकलडीहा-चन्दौली** । कोतवाली क्षेत्र के नागनपुर गांव के समीप शनिवार को मिनी बैंक संचालक से हुई लूट की वारदात को लेकर बीसी संचालकों में आक्रोश है। रविवार को दर्जनों बीसी संचालक लेने देन का संचालन बंद करते हुए विरोध जताया। अंत में कोतवाली पहुंचकर घटना की खुलासा और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठाया। कोतवाली पुलिस ने दो दिनों के अंदर मामले का खुलासा करने व आरोपियों की गिरफ्तारी का भरोशा दिया। इस दौरान बीसी संचालक तहसील मुख्यालय पहुंचकर आन्दोलन की रणनीति पर चर्चा किया।

फुल्ली गांव निवासी रामजनम प्रजापति का पुत्र सुनील प्रजापति तुलसी आश्रम कस्बा में ग्राहक सेवा केन्द्र संचालन करता है। शनिवार को वह पौनी यूनियन बैंक से करीब चार लाख रुपये लेकर बाइक से तुलसी आश्रम स्थित अपने मिनी बैंक आ रहा था। तभी नकाबपोश तीन बदमाशो ने पिस्टल दिखाकर रुपये से भरा बैग लूट कर नई बाजार की तरफ भाग निकले। इस घटना को लेकर तहसील क्षेत्र के मिनी बैंक संचालकों में भारी आक्रोश है। रविवार को सभी बैंक संचालकों ने सकलडीहा कोतवाली पहुँचकर मामले का 24 घंटा में खुलासा करने की मांग किया। चेताया कि जबतक आरोपियों की गिरफ्तारी और लूट का पैसा बरामद होने तक लेन देन ठप रखने व धरना प्रदर्शन की चेतावनी दिया। कोतवाली पुलिस ने दो दिनों के अंदर लूट का खुलासा करने का भरोशा देते हुए संचालकों को समझा बुझाकर वापस किया। इस बाबात कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि लूट के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर जगह जगह दबीश और सुराग लगाया जा रहा है। शीध्र ही मामले का खुलासा किया जायेगा। इस मौके पर विरोध जताने वालों में अध्यक्ष सचिन पांडेयए राजू सिंहएमुलायम यादवएभीम सिंहएअनिल यादवएसुनील प्रजापतिएरामलखन सोनकरएसुजीत कुमार यादवएबिनोद कुमार कौशिकएअनन्त श्रीवास्तवएअंगद शर्माएअरबिंद कुमारएउमेश कुमार सहित दर्जनों बीसी संचालक मौजूद रहे।

### करोड़ों का लेन देन ठप होने से हुई परेशानी

लूट की घटना को लेकर मिनी बैंक संचालकों ने रविवार को काम काज को ठप रखा था। जिसके कारण सकलडीहाए धानापुरए चहनियाए कमालपुरए पौनीएनईबाजार सहित दर्जनों बैंक की मिनी शाखा के यूबीआईएबीओबीएस्टेट बैंक के अलावा प्राइवेट संचालकों के लेन देन प्रभावित रहा। करीब एक मिनी बैंक संचालकों द्वारा दस से बीस लाख का लेन देन होता है।

### सीसी कैमरे से लुटेरों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

लूट की घटना को लेकर पुलिस दिन रात एक किये हुए है। शनिवार की देर रात संदिग्धों की जगह जगह दबीश के साथ रविवार को बैंक से लेकर आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसी कैमरों को पुलिस खंगालने में जुट गयी है।

## चिकित्सा उपचार के साथ भावनात्मक कल्याण के महत्व पर जोर

**प्रयागराज।** इन विट्रो फर्टिलाइजेशन आईवीएफकी यात्रा आशा से भरी एक राह है लेकिन यह महत्वपूर्ण भावनात्मक चुनौतियाँ भी ला सकती हैं। जैसे जैसे जोड़े अपने परिवार को शुरू करने या बढ़ाने के लिए इस प्रक्रिया को अपनाते हैं। विशेषज्ञ चिकित्सा उपचार के साथ साथ भावनात्मक कल्याण के महत्व पर भी जोर दे रहे हैं। डॉ मधुलिका सिंह आईवीएफ विशेषज्ञ बिरला फर्टिलिटी और आईवीएफप्रयागराज ने आईवीएफ की भावनात्मक जटिलताओं पर जोर देते हुए कहा आईवीएफ यात्रा अक्सर भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण होती है और इन भावनाओं को देखभाल और समझ के साथ संबोधित करना आवश्यक है। हम अपने रोगियों को परामर्शदाताओं से सहायता लेने अपने साथी के साथ खुला संचार बनाए रखने और तनाव मुक्ति तकनीकों जैसे कि माइंड फुलनेस या विश्राम अभ्यास का अभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

## संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प



**मीरजापुर।** जिलाध्यक्ष रमेश गौतम के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठन बैठक करमा ब्लॉक पगिया रोड में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव विमलेश सिंह ने किया।इस बैठक में पार्टी के प्रांत सचिवध्सोनभद्र जिला प्रभारी एडवोकेट सुनील पांडे जी मुख्य अतिथि के रूप शामिल रहे।

बैठक का उद्देश्य सोनभद्र में ग्राम स्तर तक संगठन निर्माण करनाए इसके लिए जसवन्त सिंह जी को संयुक्त जिला महासचिव और इमाम होदा अंसारी को जिला उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति पत्र दिया गया। बैठक संबोधित करते हुए जिला प्रभारी सुनील पांडे ने कहा सोनभद्र में बेहतर शिक्षाए स्वास्थ्यएसुरक्षाए विकास के लिए आम आदमी पार्टी को स्थापित करना पड़ेगा। जिला की समस्या के लिए जनता से संवाद करना पड़ेगा।

इस बैठक में सभी साथियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। आज की बैठक में शामिल रहे । बृजेश कुमार कनौजिया विधानसभा अध्यक्ष ओबराए राजेश सिंह जिला उपाध्यक्षए विनोद चौधरी ओबराए राहुल कुमार डालाए शिवम सिंह उर्फ चमड़ी जिला सचिवए सरफराज शाह अल्पसंख्यक प्रकोष्ठए संतोष त्यागी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सोनभद्रए शिव गोपाल सदस्यए जसवंत कुमार सिंह मौर्य जिला संयुक्त सचिवए शैलेश कुमार मौर्य जिला उपाध्यक्षए डॉक्टर रविकांत तिवारी वरिष्ठ सदस्यए विमलेश कुमार सिंह जिला महासचिव सोनभद्रए डॉ राम आसरे जिला उपाध्यक्षएए मोहम्मद इमाम उल हक जिला उपाध्यक्षए आनंद कुमार सिंहए जियाउद्दीनए दिनेश पटेल विधानसभा अध्यक्ष रावर्टसगंजएराज कुमार मौर्य जिला उपाध्यक्षए आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 23 सितम्बर, 2024



# निरक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से हुआ साक्षरता परीक्षा का आयोजन

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिला** साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तत्वाधान में रविवार को 15 वर्ष से अधिक असाक्षरो को साक्षर बनाने के उद्देश्य से साक्षरता परीक्षा का आयोजन समस्त परिषदीय विद्यालयों में किया गया है। राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र के आधार पर सुचिता के साथ परीक्षा संपन्न कराई गई इस परीक्षा आयोजन के लिए जनपद स्तर पर सुबह से ही कंट्रोल रूम द्वारा विभिन्न विकास क्षेत्र में आ रही समस्याओं का निवारण डॉ0 रजनीश बैद्यनाथ जिला समन्वयक समेकित शिक्षा किया गया।

परीक्षा की सूचना का सुनिश्चितता बनाए रखने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ-साथ नोडल प्रभारी साक्षरता खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय महेंद्र नाथ त्रिपाठी द्वारा जनपद के विभिन्न साक्षरता क्रेन्दो का निरीक्षण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 2000 साक्षरों को परीक्षा में सम्मिलित करने के उद्देश्य से प्रश्न पत्र खंड शिक्षा अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए थे।

जिसमें अभी तक प्राप्त समाचार के अनुसार लगभग 1300 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा में सम्मिलित होना बताया गया है विकास क्षेत्र बार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परिक्षार्थियों की संख्या का आकलन निर्धारित प्रारूप पर प्रस्तुत करने हेतु खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।

23, सितम्बर, 2024 को 12.00 बजे तक वास्तविक परीक्षार्थियों की संख्या स्पष्ट हो जाएगी। इस परीक्षा में मूल्यांकन प्रक्रिया का भी महत्वपूर्ण योगदान है अमित सिंह ने बताया कि मूल्यांकन हेतु खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने विकास क्षेत्र में कार्यरत समस्त अर्पो को परीक्षा के रूप में तैयार करते हुए उनके द्वारा मूल्यांकन कर लिया जाए।

# आगामी त्यौहारों को लेकर एएसपी ने की थाना प्रभारियों के साथ बैठक



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में जनपद के समस्त महिला बीट पुलिस आरक्षी के साथ मीटिंग की गई। इस संबंध में महिला आरक्षियों के कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

आगामी आने वाले त्योहारों की तैयारी के संबंध में कानून व्यवस्था स्थापित करने में महिला पुलिसकर्मियों की अहम भागीदारी किस प्रकार से है, इस बारे में भी जानकारी दी गई, महिला संबंधी अपराध एवं उसके नियंत्रण में महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा क्षेत्र में जाकर किस प्रकार से सहभागिता की जाए उस संबंध में शासन द्वारा दिए गए दिशा निर्देश को बताया गया। महिला बीट रजिस्टर पर संपूर्ण कार्यवाही का विवरण अंकित किया जाए।

अपराध से संबंधित किसी भी महिला के साथ यह सुनिश्चित किया जाए कि अपराध की दोबारा पुनरावृति ना हो। सभी महिला बीट आरक्षी से उनके कार्यों का फीडबैक लिया जाएगा। यदि कार्य करने में किसी भी प्रकार की दिक्कतें हैं तो उसका निराकरण करने का आश्वासन दिया गया।

# शिक्षाधिकार कानून के तहत कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ेंगे 4608 जरूरतमंद बच्चे

- आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें निजी विद्यालयों में आरक्षित की गईं

**संवाददाता।** गौरीगंज, अमेठी

**जिले** में गरीब परिवार के 4618 बच्चों को अब कान्वेंट स्कूलों में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें निजी विद्यालयों में आरक्षित कर दी गई हैं। निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत सत्र 2025-26 के लिए नियम लागू किया गया है।

इसके लिए गरीब अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। एक दिसंबर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर होगी। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से आवेदन शुरू होने की समय सारिणी जारी कर दी गई है। अभिभावकों को आवेदन करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया अपनाना पड़ेगा। चार चरणों में प्रक्रिया पूरी की जाएगी। पहले चरण की आवेदन प्रक्रिया एक दिसंबर 2024 से शुरू होगी, जो 19 दिसंबर तक चलेगी।

24 दिसंबर को लॉटरी कराई जाएगी। 27 दिसंबर को प्रवेश दिलाया जाएगा। दूसरे चरण में आवेदन की प्रक्रिया एक जनवरी से 19 जनवरी 2025 तक चलेगी। 24 जनवरी को लॉटरी कराई जाएगी। 27 जनवरी तक प्रवेश ले सकेंगे। तीसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया एक से 19 फरवरी तक चलेगी। 24 फरवरी को लॉटरी कराई जाएगी। 27 फरवरी को प्रवेश दिलाया जाएगा। चौथे चरण में आवेदन की प्रक्रिया एक से 19 मार्च तक चलेगी। 24 मार्च को लॉटरी होगी। 27 मार्च को निजी विद्यालयों में दाखिला दिलाया जाएगा।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों के 530 से ज्यादा स्कूल पोर्टल पर पंजीकृत हैं।जिनमें गरीब परिवार के 4618 बच्चों को अब कान्वेंट स्कूलों में पढ़ाई करने का मौका मिलेगा।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीटें निजी विद्यालयों में आरक्षित कर दी गई हैं। आरटीई की प्रक्रिया दिसंबर से शुरू हो रही है। बेसिक शिक्षा विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। पात्र विद्यार्थियों का निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिला कराया जाएगा।

# प्रशासन ने बाढ़ और राहत चौपाल लगाकर सुनीं लोगों की समस्याएं



**रायबरेली।** जिला प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का लगातार निरीक्षण कर रहा हैं। प्रशासन की टीम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर स्थिति का जायजा ले रही है और प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार कर रही है। टीम स्थानीय लोगों से बातचीत करके उनकी समस्याओं और जरूरतों के लिए तत्काल मदद के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। आज जिला प्रशासन खाद्य सामग्री, पानी, और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण करती नजर आयी। अपर जिला अधिकारी (प्रशा) सिद्धार्थ ने बताया है कि सभी तहसीलों में उप जिला अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर बाढ़ और राहत चौपाल आयोजित की जा रही है जिसमें स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है और उसके तत्काल निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया जा रहा है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह ने बताया है कि प्रभावित क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे हैं जिसमें प्रभावित लोगों को आश्रय और भोजन आदि सामग्री समय से उपलब्ध कराने के लिए संबंधित को निर्देशित कर दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है और आवश्यक दवाएं जरूरतमंदों को दी जा रही हैं।

# नील गायों के कहर से फसलें बचाने के लिए किसानों की खुले आसमान तले बीत रही रातें

- यमुना पट्टी के किसान खेत में मचान बनाकर कर रहे हैं फसलों की रखवाली

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**तहसील** अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अन्ना मवेशियों से कुछ हद तक किसानों को राहत मिली ही थी कि अब नील गायों तथा जंगली सुअरो ने किसानों को दिन-रात का सुखचैन छीन लिया है। खुले आसमान में हल्कू बनकर किसान नील गायों व गायों से अपनी फसलों को बचाने के लिए बरसात में अपनी रातें झोपड़ी बनाकर उसमे गुजार रहे हैं। उनको खतरा रहता है कि नील गायों तथा जंगली सुअरों का झुंड व गाय उनकी फसलों को चौपट न कर दें इसके बाद भी यमुना पट्टी के मंगरौल, पड़री नरहान, उरकरा कला, मेनुपुर, शेखपुर गुढ़ा, गुढ़ा खास, कीरतपुर, देवकली हीरापुर, धर्मपुर सहित दर्जनों गांवों में किसानों की लहलहा रही ज्वार बाजरा की फसल को सुअर तथा नीलगाय भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं।

बताते चलें कि कालपी तहसील क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक नील गायों तथा जंगली सुअरों के झुंड हैं जो दिन-रात फसलों में धमाचौकड़ी मचाता रहता है। किसानों को डर रहता है कि कहीं नील गायों तथा जंगली सुअरों का झुंड फसलों को बर्बाद न कर दे, इसी डर से किसान बरसात के मौसम में रात भर जागकर मचानों में अपनी रातें गुजार रहे हैं। उन्होंने बताया कि नील गायों तथा जंगली सुअरों का झुंड रात के अंधेरे में खेतों में घुस जाता है। ज्वार, बाजरा की फसल को खाकर, नहीं तो पैरों तले रौंदकर नष्ट कर देता है। जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं। अब तो दिन हो रात नील गाय खेतों में हमला बोल रही हैं।

वन विभाग के अधिकारी इन पर रोक लगाए जिससे हमारी फसलें बच सके। किसानों ने बताया की इधर गायों से क्या कम परेशान थे जो अब यह जंगली सुअर तथा नीलगाय भी हम किसानों को बर्बाद करने में लगे हैं और वन विभाग इन नीलगायों का कुछ नही कर रहा है किसानों ने कहा की जिले व तहसील स्तर पर बैठे अधिकारियों से बिनती है की जानवरों से हमारी फसलों को बचाया जाए। किसानों ने बताया की नील गायों तथा जंगली सुअरों की समस्या काफी तेजी से बढ़ रही हैं। प्रशासन को इसके लिए कोई ठोस उपाय करने चाहिए नहीं तो किसानों की फसलें नील गाय नष्ट कर देंगी। उन्होंने बताया कि सरकार नसबंदी करने की योजना बनाएं तो इनकी संख्या में कमी आएगी।

## 2200 ग्राम गांजे के साथ पकड़ा गया हिस्ट्रीशीटर



**लालगंज, रायबरेली।** सरेनी पुलिस ने 2200 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को पकड़कर जेल भेजा है। सरेनी थाना प्रभारी शिवशंकर सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध को दूलापुर नहर के पास पकड़कर जब उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 2200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान शहरूख बेग उर्फ डाक्टर पुत्र अब्दुल मलिक निवासी हरीपुर मिर्दहा थाना खीरो के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ खीरो, गुरूबक्सगंज, लालगंज, शिवगढ़, हरचंदपुर थाना समेंत उन्नाव के पुरवा थाने में कुल 16 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

## क्विक न्यूज

### बनवाए गए चकमार्ग को काटकर खेत में मिलाया

**ऊंचाहार।** निर्माणाधीन चकमार्ग को गांव के चार लोगों ने नष्ट करके अपने खेत में मिला लिया है। मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को धमकाया भी जा रहा है। इसमें ग्राम पंचायत को करीब दो लाख रुपए की क्षति हुई हैं। प्रधान ने इसकी शिकायत कोतवाली में की है। मामला ग्राम पंचायत सराय भान का है। गांव में सर्वेश के खेत से रज्जन के खेत तक मनरेगा द्वारा चकमार्ग का निर्माण कराया जा रहा है। ग्राम प्रधान राजकुमार का कहना है कि यह निर्माण कार्य क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भूमि की पैमाईश और चिन्हांकन के बाद किया गया है। जिसमें गांव के पांच लोगों ने चकमार्ग को खोद डाला और उसे अपने खेत में मिला लिया है। जिससे चकमार्ग निर्माण पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। इन लोगों ने मनरेगा में काम करने वाले श्रमिकों को धमकी और गाली भी दी है। ग्राम प्रधान ने कहा कि इससे पंचायत को करीब दो लाख रुपए की क्षति हुई हैं। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके जांच और प्रकरण के निस्तारण की कोशिश की जाएगी।

### बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की



**मुसाफिरखाना, अमेठी।** संकल्प फाउंडेशन मुसाफिरखाना द्वारा छात्र छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप लगातार स्कूलों में पहुंच कर शिक्षण सामग्री वितरित की जा रही है।इसी क्रम में शनिवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष संकल्प माहेश्वरी ने मंगलम प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के बीच पेंसिल रबर व कटर सहित शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। अध्यक्ष संकल्प माहेश्वरी ने बताया कि इसके पूर्व में भी गत दिनों पलिया पूरब में भी वितरण किया गया था। इस दौरान कुशल कसौंधन कार्तिक कौशल उत्तम तिवारी शिवम मौर्य मौजूद रहे।

# आर्यकन्या स्कूल की छात्राओं को खुली हवा में सांस लेने की मुहिम को लगा पलीता

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**नगर** की प्रमुख शिक्षण संस्था आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज की छात्राओं की खिड़की से हवा पाने की हसरत पूरी होना आसान नहीं है। प्रबंधतंत्र और प्रधानाचार्या के बीच चल रही उठापटक विद्यालय की व्यवस्थाओं में बाधक बनी है। जिसका खामियाजा विद्यालय में शिक्षा पा रही छात्राओं को भोगना पड़ रहा है।

मालूम हो कि वर्ष 2009 में हाईवे विस्तारीकरण योजना में आर्यकन्या पाठशाला कन्या इण्टर कालेज की चहार दीवारी टूट गयी थी हालांकि इसके ऐवज में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण द्वारा विद्यालय को 11 लाख रुपये मुआवजा के रुप में दिये गये थे और इसी धन से विद्यालय की नई चहारदीवारी बनाई जानी थी। लेकिन तत्कालीन प्रधानाचार्या श्रीमती जयंती मिश्रा व तत्कालीन प्रबंधक नरेन्द्र कुमार तिवारी के बीच बात नही बनी थी और चहारदीवारी बनवाये बगैर हाईवे आथारिटी से मिली धनराशि किसी खाता में जमा न करने के बजाये उसकी फिक्स एफ्डी करा दी गई थी जो अब विद्यालय की मूल समिति की सहमति के बगैर नही निकाला जा सकता है। और यह धनराशि जमा हुये लगभग 1 दशक से अधिक समय हो गया है।

हालांकि इसी बीच प्रबंधन में बदलाव हो गया था और विद्यालय के प्रबंधक का पद श्रीमती प्रीति जैतिली के पास आ गया था और इसी बीच विद्यालय में कोई स्थाई प्रधानाचार्या न होने से वहां पर किसी प्रकार की अन्य प्रक्रियाए सम्पादित नही हो सकी थी हालांकि 2015 मे प्रधानाचार्या पद पर शासन ने नुजहत जहां को प्रधानाचार्या के रूप में तैनात कर दिया था लेकिन इसके बाद फिर से प्रबंधन और प्रधानाचार्या में पावर को लेकर जंग शुरू हो गई थी जो विभाग के साथ हाइकोर्ट तक पहुंच गया है और शायद इसी वजह से विद्यालय के विकास कार्य रुके पड़े है।

कुछ माह पहले प्रबन्धन ने हाईवे की हद में आकर टूटी बाउण्ड्री को5 बनवाने की प्रक्रिया शुरू की थी लेकिन प्रधानाचार्या ने काम रूकवा दिया था(

लेकिन इसके बाद छात्राओं की परेशानी देखते हुए प्रधानाचार्या ने निर्माण की कवायद शुरू की थी लेकिन प्रबंधिका ने रूकवा दिया था। प्रबंधिका श्रीमती प्रीति जैतली के मुताबिक प्रधानाचार्या का कार्य शिक्षण व्यवस्था को देखना है पर भवन आदि की व्यवस्था देखना प्रबंधतंत्र का कार्य है।

जबकि पिछले दिनों प्रबंधन तंत्र ने प्रधानाचार्या को हटा कर रजनी पुरवार को विद्यालय की कार्यवाहक प्रधानाचार्य बना दिया है इसके बाद भी विवाद समाप्त होता दिखाई नही दे रहा है।

### प्रबंधतंत्र व प्रधानाचार्या की जंग में पिस रही छात्राएं

**कालपी।** आर्य कन्या पाठशाला इण्टर कालेज की टूटी पडी चहारदीवारी से छात्राओं को बेहद परेशानी है इस बात का इल्म सभी को है। मुन्ना फुलपावर चौराहा पर सार्वजनिक टायलेट न होने से वहां पर आने जाने वाले लोग विधालय की टूटी पडी बाउण्ड्री में ही पेशाब करते है और प्रक्रिया वर्षो से चली आ रही है जिससे विद्यालय की कक्षाओं की खिड़की नहीं खुल पाती है जिससें छात्राओं को हवा खाने के लिये तरसना पड़ रहा है।

# भदेख गांव में मगरमच्छ की दस्तक से ग्रामीणों में मचा हड़कंप



**कुठौंद, जालौन।** ग्राम भदेख दिवारा में यमुना नदी से गांव की ओर मगरमच्छ के आने से ग्राम वासियों में भय व्याप्त हो गया है। मगरमच्छ की सूचना मिलते ही ग्राम वासियों ने मगरमच्छ को पकड़ने का प्रयास किया और इसकी सूचना वन विभाग को भी दे दी गई सूचना मिलते ही वन विभाग कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मगरमच्छ को पकड़ने का अपना प्रयास जारी रखा लेकिन पहले तो मगरमच्छ की कुछ झलक नजर आई लेकिन इसके बाद मगरमच्छ को काफी प्रयास से देखा गया इसके बाद वह नहीं दिखाई दिया तब वन विभाग के कर्मचारियों ने हताश होकर अपना प्रयास रोक लिया। ग्राम भदेख के ग्रामीणों का बड़ी संख्या में मगरमच्छ को पकड़ने के लिए वहां पर पहुंचे लेकिन मगरमच्छ अपनी चालाकी से बच गया और ग्रामीण सहित वन विभाग की टीम हताश हो गई। लेकिन ग्रामीणों में कितना जबरदस्त भय व्याप्त हो चुका है कि वे अब उसकी तरफ लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# ऐतिहासिक स्मारक चौरासी गुम्बद परिसर को सुंदर बनाने की कवायद हुई तेज



**कालपी, जालौन।** पयर्टकों तथा आम जनता को आकर्षित करने के लिए प्राचीन ऐतिहासिक तथा प्राचीन महत्व के चौरासी गुंबद को सुंदर स्वरूप प्रदान करने के लिए भारत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा योजना तैयार की गई है। मालूम हो कि कालपी नगर से सटे फोरलेन हाईवे के किनारे स्थित लोदी शाह बादशाह का मकबरा चौरासी गुंबद 15-16 वीं शताब्दी का प्राचीन स्मारक है, यह प्राचीन गुंबद नुमा स्मारक 21 मीटर ऊंचाई की बनी हुई है। वर्तमान समय में भारत सरकार का पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के द्वारा इसको संरक्षित किया जा रहा है। स्मारक में विभाग के द्वारा एमटीपी कर्मचारी अशफाक अहमद तथा रमेश कुमार की तैनाती चल रही है। स्मारक के किनारे का क्षतिग्रस्त हिस्से को विभाग के संरक्षण में कानपुर की ठेकेदार कंपनी के द्वारा मरम्मतीकरण का कार्य चल रहा है। प्राचीन महत्व के चौरासी गुंबद को देखने के लिए कालपी तथा आसपास के लोग रोजाना सैकड़ों की संख्या में आते हैं। पयर्टकों तथा जनता को लुभाने के लिए विभाग के द्वारा योजना तैयार की गई है। स्मारक में रंगीन लाइटें, सुंदर फलदार वृक्ष तथा घास आदि को स्थापित कर दर्शनीय बनाने की योजना है। स्मारक को दर्शनीय स्थल बनाने के लिए निकट भविष्य में टिकट की योजना भी लागू हो सकती है।

# तालाब में नहाने गये दो किशोरों की पानी में डूबने से मौत

**संवाददाता।** जालौन, उरई



**मोहल्ले** में स्थित तालाब में नहाने गए दो किशोर तालाब में गहराई में जाने से डूब गए। लगभग आधा घंटे के बाद मोहल्ले के लोगों के सहयोग से किशोरों को तालाब से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर एसडीएम, सीओ, कोतवाल आदि मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

मोहल्ला चुर्खीबाल निवासी कल्लू का पुत्र सोहेल (10) व नाजिर अली का पुत्र अकरम (12) रविवार की सुबह मोहल्ले में खेल रहे थे। उनके साथ उनका साथी आसिफ (12) भी था। खेलते हुए तीनों दोस्तो के बीच तालाब में नहाने की बात हुई। जिसके बाद तीनों मोहल्ले में ही स्थित चुर्खीबाल तालाब पर पहुंच गए। तालाब पर पहुंचने के बाद तीनों तालाब के किनारे पर नहाने लगे। बारिश के बाद तालाब में पानी अधिक था। जिस पर नहाते हुए तीनों आगे की ओर बढ़ने लगे। आसिफ को पानी अधिक लगा तो वह अधिक अंदर तक नहीं गया। जबकि सोहेल व अकरम नहाते हुए आगे पहुंच गए। जब उनका सिर पानी की अंदर जाने लगा तो वह बाहर आने की कोशिश करने लगे। लेकिन बाहर निकल नहीं सके और पानी के अंदर डूबने लगे।

जब आसिफ ने उन्हें डूबता हुआ देखा तो उसने दौड़कर परिजनों को इसकी जानकारी दी। आनन फानन में जब तक परिजन तालाब पर पहुंचे तो दोनों किशोर डूब चुके थे।

किशोरों के तालाब में डूबने की सूचना पर तालाब पर लोगों की भीड़ जुट गई। मोहल्ले के कुछ गोताखोर तालाब में उतरे और किशोरों को ढूंढा। करीब आधा घंटे की मशक्कत के बाद दोनों किशोरों को बाहर निकाला गया। परिजन उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

यह जानकारी जब प्रशासन को मिली एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल, नायब तहसीलदार गौरव कुमार भी मौके पर पहुंच गए ओर मामले की जानकारी ली।

# अकोढ़ी बैरागढ़ में विकास के नाम पर हो रही सरकारी धन की बंदरबांट

**हरदोई गूजर, जालौन।** डकोर विकासखंड की ग्राम पंचायत अकोढ़ी बैरागढ़ में पिछले कई वर्षों से विकास के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट कर खानापूर्ति करने पर गांव के ग्रामीण जहां खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं तो वहीं अब वह जिलाधिकारी से प्रधान व सचिव के भ्रष्ट कारनामों की शिकायत करने की तैयारी में हैं।

गांव को विकास कार्यों से संतृप्त करने की जिम्मेदारी ग्राम प्रधान की होती है लेकिन अकोढ़ी बैरागढ़ के प्रधान पंचायत सचिव से सांठगांठ कर विकास कार्यों की कागजी खानापूर्ति करने में जुटे हुये हैं। सदर विधायक ने अपनी निधि से गांव में मोक्षधाम निर्माण के लिये 25 लाख रुपये आवंटित किये थे। लेकिन मोक्षधाम निर्माण में भी भ्रष्टाचार का तड़का लगाकर मानकों को ताक पर रखकर घटिया सामग्री लगायी जा रही है। जिससे मोक्षधाम समय से पूर्व ही जर्जर होकर खंडहर में बदल जायेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व प्रधान द्वारा गांव के किसानों के खेतों तक पहुंचने के लिये मनरेगा योजना से कच्चा मार्ग डलवाया था लेकिन वर्तमान प्रधान ने उक्त कार्य को अपने कार्यकाल का बताकर भुगतान निकाल लिया गया। इसी प्रकार से गांव में सीसी सड़क निर्माण में भी मानकों की धज्जियां उड़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गयी। विगत 3 सितंबर को गांव की गौशाला में भूख व बीमारी से आधा दर्जन गौवंशों की मौत पर विहिप व बजरंग दल ने हो हल्ला मचाया तो आनन फानन में बीडीओ ने गांव पहुंचकर गौशाला की दुर्दशा को देखने के बाद लापरवाही पर ग्राम प्रधान, सचिव व गौशाला केयरटेकर के विरुद्ध कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक बीडीओ ने क्या कार्यवाही अमल में लाये यह किसी को पता नहीं चला।

## मरई माता मंदिर के निकट बाढ़ पीड़ितों पर भूख का साया



**कोंच, जालौन।** बाढ़ से अभी भी मुहल्ला गांधीनगर, मालवीय नगर और गोखले नगर की स्थिति सुधर नहीं सकी है। रविवार को करीब एक से डेढ़ फुट पानी उतरा हुआ देखा जा रहा है। मुहल्लों के सभी रास्तों के अलावा घरों के आसपास पानी भरा हुआ है जिससे लोग घरों के अंदर रहने पर मजबूर हैं। पानी के चलते मच्छरों का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। मरई माता मंदिर के आसपास रहने वाले लोग लंच पैकेट न मिलने से परेशान हैं। यहां रहने वाले कुछ लोगों ने बताया की अभी तक एक भी लंच पैकेट नहीं मिल सका है जबकि कुछ लोगों का कहना है कि परिवार में सदस्यों की संख्या के हिसाब से आधे लंच पैकेट ही मिल पा रहे हैं.जिससे भूखों रहना पड़ रहा है। पीने की साफ पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।

# पतंगेश्वर मंदिर में सेवा पखवाड़ा में चलाया गया सफाई अभियान



**जालौन, उरई।** पतंगेश्वर मंदिर में सेवा पखवाड़ा के अंर्तगत स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इस दौरान सफाई के फायदे भी गिनाए गए।

नगर के प्राचीन हनुमान मंदिर पतंगेश्वर मंदिर सेवा पखवाड़ा के अंर्तगत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मंदिर परिसर और आसपास साफ सफाई की गई। मुख्य अतिथि वाचस्पति मिश्रा व पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि ग्रंथों में भी है जहां साफसफाई होती है वहां देवता वास करते हैं। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल याज्ञिक व नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत ने कहा कि वैसे भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो साफ सफाई से रहने से बीमारियां फैलाने की आशंका कम होती है।

इसलिए सभी को चाहिए कि एक दिन नहीं बल्कि हर दिन साफ सफाई रखें। अपने आसपास तो स्वच्छता रखें ही साथ ही आस पड़ोस में भी स्वच्छता का ध्यान रखें। यदि बाहर जाएं तो स्वयं गंदगी न फैलाएं बल्कि जहां गंदगी फेंकने के लिए निश्चत पात्र हो वहीं अपशिष्ट पदार्थ फेंके।

